कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्या– 779/01/ई–3/2015–16
इलाहाबाद : दिनांक 28 मार्च, 2018

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं0–ए–7/ई–1/2013 दिनांक 20.12.2013 द्वारा विज्ञापित सहायक वन संरक्षक परीक्षा, 2013 का परिणाम विज्ञप्ति सं0–85/02/सी–2/2015–16 दिनांक 24 नवम्बर, 2017 के माध्यम से घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा में साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथियॉ दिनांक 12 अप्रैल, 2018 से निम्नवत् निर्धारित की गयी है:–

साक्षात्कार–कार्यक्रम

क0सं0	दिनांक	अनुक्रमांक (कहॉ से कहॉ तक)
1–	12–04–2018	000210 से 004362
2–	12–04–2018	004634 से 007789
3–	13–04–2018	007873 से 012130
4–	13–04–2018	012184 से 017280

2– इस सम्बन्ध में उक्त परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथियों में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार–ज्ञाप तथा अन्य प्रपत्र आयोग के वेबसाइट **http:// uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

3– अभ्यर्थीगण निर्धारित तिथि को साक्षात्कार ज्ञाप के साथ आवेदन–पत्र, देशनापत्रक, प्रमाणीकरण प्रपत्र एवं विभिन्न परीक्षाओं (हाईस्कूल से लेकर आगे तक) में उत्तीर्ण किये गये अंकों सम्बन्धी प्रमाण–पत्र में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर, तथा समस्त शैक्षिक अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियां, राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित 02 फोटो, तथा 02 सादी फोटो सहित नियत समय पर आयोग कार्यालय के **यमुना भवन** में पहुंचना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार के समय शैक्षिक अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ अवश्य लाएं।

4– उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:–

(क) किसी मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि, तथा प्रत्येक वर्ष की अंकतालिकाओं की मूल व छायाप्रति।

(ख) उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को पिता पक्ष से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की मूल व छायाप्रति।

(ग) उ0प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में निर्धारित नवीनतम प्रारूप पर जारी किया गया प्रमाण–पत्र। गोंड तथा नायक जाति के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी नवीनतम एस0टी0 प्रमाण–पत्र जो 06 माह से अधिक पुराना न हो साथ में अवश्य लायें।

(घ) केन्द्र अथवा राज्य सरकार में कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

नोट– उपर्युक्त प्रमाण–पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

5–अभ्यर्थी अपने साक्षात्कार–ज्ञाप एवं अन्य प्रपत्र जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, डाउनलोड/मुद्रित कर तथा उन्हें पूर्णतः भरकर नियत साक्षात्कार दिवस को अपने साक्षात्कार ज्ञाप में निर्धारित समय पूर्वाह्न 9.00 बजे आयोग के **यमुना भवन** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(अंजू कटियार)
परीक्षा नियंत्रक।